राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़

Email:- registrar.rmpu@gmail.com

पत्रांकः—आर0एम0पी0यू0 / 254 / 2024 दिनांकः— 31 जनवरी, 2024

सेवा में,

समस्त प्राचार्य / प्राचार्या
राजकीय एवं अनुदानित महाविद्यालय,
सम्बद्ध राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़।

विषयः प्रयोगात्मक परीक्षा हेतु परीक्षक समय से भेजे जाने के सम्बन्ध में।

महादेय,

कृपया उपर्युक्त विषयक विश्वविद्यालय के पत्र संख्या आर0एम0पी0यू0 / 132 / 2024 दिनांक 20.01.2024 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। जिसमें विषम सेमेस्टर की प्रयोगात्मक परीक्षाएं दिनांक 05.02.2024 तक सम्पन्न कराने हेतु निर्देशित किया गया था।

आज दिनांक 31.01.2024 को अब तक हुई प्रगति की समीक्षा मा0 कुलपति जी द्वारा किए जाने पर पाया गया कि प्रयोगात्मक परीक्षा की गति अत्यंत धीमी है ऐसी स्थिति में विश्वविद्यालय की विषम सेमेस्टर परीक्षा का परीक्षाफल समय से घोषित नहीं हो पायेगा और विश्वविद्यालय का शैक्षणिक सत्र विलम्बित होगा। विलम्ब होने का कारण यह भी संज्ञान में आया कि कतिपय प्राचार्यगण प्रयोगात्मक परीक्षा हेतु नॉमित शिक्षक को समय से कार्यमुक्त नहीं करते है जिससे परीक्षक नियत तिथि पर नहीं पहुॅच पाते अथवा विलम्ब से पहुॅच पाते है। इस कारण उस दिन प्रयोगात्मक परीक्षा सम्पन्न नहीं हो पाती है।

निर्देशानुसार पुनः अपेक्षा की जाती है कि आपके महाविद्यालय के जिस शिक्षक को प्रयोगात्मक परीक्षा में नॉमित किया गया है उसे समय से प्रयोगात्मक परीक्षा हेतु अनुमति प्रदान करना सुनिश्चित करें।

भवदीय

31/1

डा0(महेश कुमार)
कुलसचिव

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतुः—

1. मा0 कुलपति जी, राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़।
2. क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी (अलीगढ़ / आगरा परिक्षेत्र), आगरा।
3. प्रभारी वेबसाइट को समस्त महाविद्यालयों के लागिन पर अपलोड किये जाने हेतु।
4. गार्ड फाईल।

31.01.24

उप कुलसचिव

Scanned with OKEN Scanner